**जय मल्हार, जय श्री देवनारायण, सभी सामाजिक बंधुओ एवं भगिनीयों से निवेदन है कि सभी ओबीसी जाति प्रमाण पत्र के साथ घुमक्कड अर्धघुमक्कड जाति (धनगर) प्रमाण पत्र जरूर बनवायें एवं सभी लोगो को बनवाने के लिए प्रोत्साहित करे, ताकि सभी समाज जनो को इसका अलग से सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सके। ओबीसी का जाति प्रमाण पत्र भी रहेगा, वह सरेन्डर नही होगा बल्कि ओबीसी से जो भी फायदा, आरक्षण मिलता है वह मिलेगा ही साथ में घुमक्कड अर्धघुमक्कड जाति प्रमाण पत्र की योजनाओं का भी फायदा मिलेगा। सभी के बन जाने के बाद ओर भी भविष्य में कई योजनाओं का फायदा तभी मिलेगा, जब जाति में धनगर लगाऐंगे। प्रदेश द्वारा जो योजनाऐं चलाई जा रही है वह इस प्रकार है:–**

## शैक्षणिक योजनायें

- **राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 1 से 5** - राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 1 से 5 तक अध्ययन करने वाले विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं का प्रतिमाह रूपये 15/- के मान से 10 माह के लिये रूपये 150/- की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति का वितरण लोक शिक्षण संचालनालय के माध्यम से किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में राशि रूपये 70.00 लाख के प्रावधान के विरूद्ध राशि रूपये 65.00 लाख लोक शिक्षण संचालनालय को हस्तांतरित किये गये ।

- **राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 10 -**

  6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं को निम्नानुसार वार्षिक (10 माह हेतु) छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है:-

| कक्षा | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|
| **6 से 8** | रू. 200/- | रू. 600/- |
| **9 से 10** | रू. 600/- | रू. 1200/- |

  समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति का वितरण लोक शिक्षण संचालनालय के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 2019-20 में राशि रूपये 120.00 लाख का प्रावधान था, जिसके विरूद्ध राशि रूपये 120.00 लाख लोक शिक्षण संचालनालय को हस्तांतरित किये गये।

- **पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति -**

  योजनांतर्गत कक्षा 11वीं से लेकर महाविद्यालयीन कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिये चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा विज्ञान समूह, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, कृषि, विज्ञान, वाणिज्य इत्यादि समूहों के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिये 2.50 लाख की आयसीमा वाले परिवार के विद्यार्थियों को निर्धारित पूर्ण निवास भत्ता एवं शासकीय संस्थानों में निर्धारित शिक्षण शुल्क परीक्षा शुल्क सहित अनिवार्य शुल्क का भुगतान किया जाता है। 2.50 लाख से 3.00 लाख तक की आयसीमा वाले परिवार के विद्यार्थियों के लिये कोई निर्वाह भत्ता देय नहीं है। शासकीय संस्थाओं/अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत रहने पर शासकीय संस्थाओं से संबंधित पाठ्यक्रम में निर्धारित शिक्षण शुल्क परीक्षा शुल्क सहित अनिवार्य शुल्कों की आधी राशि का भुगतान किया जाता है।

  योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में राशि रूपये 120.00 लाख के प्रावधान के विरूद्ध राशि रूपये 115.13 लाख का व्यय किया गया है।

- **कन्या साक्षरता प्रोत्साहन योजना कक्षा 11वीं -**

  विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति की बालिकाओं को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के लिये कन्या साक्षरता प्रोत्साहन योजना संचालित है। प्रथम बार कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने पर रूपये 3,000/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है ।

  समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति का वितरण लोक शिक्षण संचालनालय के माध्यम से किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में राशि रूपये 34.07 लाख के प्रावधान के विरूद्ध राशि रूपये 34.07 लाख लोक शिक्षण संचालनालय को हस्तांतरित किये गये।

- **सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना -**

  विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति के योग्यता प्राप्त शिक्षित अभ्यार्थियों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में विभिन्न स्तरों में सफलता प्राप्त करने पर निम्नानुसार प्रोत्साहन राशि दी जाती है ।

| क्र. | विवरण | म.प्र.लोक सेवा आयोग में पात्रता राशि रूपये | लोक सेवा आयोग में पात्रता राशि रूपये |
|---|---|---|---|
| **1** | प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होने पर | 20,000/- | 40,000/- |
| **2** | मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होने पर | 30,000/- | 60,000/- |
| **3** | साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने पर | 25,000/- | 50,000/- |

- **सैनिक स्कूल/पब्लिक स्कूलों के शिक्षण शुल्क प्रतिपूर्ति योजना -**

  सैनिक स्कूल/निजी संस्थाओं में प्रवेश लेने पर विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति के विद्यार्थियों के लिये शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति की योजना संचालित है। योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 में राशि रूपये 31.51 लाख के प्रावधान के विरूद्ध राशि रूपये 25.21 लाख का व्यय किया गया।

- **मुख्यमंत्री आवास भाड़ा योजना -**

  दूरस्थ स्थान के विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति के विद्यार्थी, जो पोस्ट मैट्रिक स्तर की पढ़ाई हेतु दूसरे शहरों में आवास लेकर रहते है उन्हें आवास भाड़ा भत्ता प्रदाय करने हेतु यह योजना संचालित की जाती है, ताकि उनके लगातार अध्ययन में व्यवधान न आये।

- **विमुक्त जाति छात्रावास योजना -**

  विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति के दूरस्थ स्थान से अध्ययन हेतु आने वाले विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 141 विमुक्त जाति छात्रावास/आश्रम/सामुदायिक कल्याण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है । जिसमें 6550 सीट्स स्वीकृत है । योजनांतर्गत बालकों हेतु रूपये 1,090/- एवं बालिकाओं हेतु रूपये 1,130/- शिष्यवृत्ति प्रतिमाह (10 माह हेतु) से प्रदान की गई।

- **जाति प्रमाण पत्रों का मुद्रण -**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अधिकृत किया गया है, जिसके तहत लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनाये जा रहे हैं।

## आर्थिक विकास की योजनायें

- **मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना -**
  विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के आर्थिक विकास को दृष्टिगत रखते हुये स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये, मार्जिन मनी सहायता (परियोजना लागत की 30%, अधिकतम राशि रूपये 3.00 लाख) तथा 5% ब्याज अनुदान (महिला को 6%) अधिकतम 07 वर्षो तक राशि रूपये 25,000/- प्रतिवर्ष की सीमा में प्रदाय किया जाता है।
- **मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना -**
  योजना अंतर्गत समाज के सबसे गरीब वर्ग को कम लागत के उपकरण/कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने हेतु मार्जिन मनी सहायता (परियोजना लागत का 50%, अधिकतम रूपये 15,000) उपलब्ध कराई जाती है।
- **विमुक्त जाति बस्ती विकास योजना -**
  विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ बाहुल्य बस्तियों, ग्राम, वार्ड, मोहल्ले, मजरे, टोलों एवं डेरों में अधोसंरचना के विकास हेतु योजना संचालित है । इसके अंतर्गत सी.सी.रोड़, नाली, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल व्यवस्था, आदि मूलभूत आवश्यकताओं हेतु सामुदायिक निर्माण कार्य कराये जाते है। योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 में राशि रूपये 700.00 लाख का प्रावधान रखा गया।
- **विमुक्त जाति बस्तियों में विद्युतीकरण योजना -**
  विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति के लोगों की बस्तियों में जहां पर 100 लोगों से कम की आबादी है एवं विद्युत व्यवस्था नहीं है, वहां विद्युत आपूर्ति की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विद्युत लाईन का विस्तार, ट्रांसफार्मर लगाना, खम्बे लगाना इत्यादि कार्य इस योजनान्तर्गत किये जाते हैं।

## अन्य योजनायें

वित्तीय वर्ष 2019-20 में निम्नानुसार अन्य योजनायें संचालित है:-

- **परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति (मा.शि.मं/व्यापम)-**
  माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षाओं एवं व्यापम द्वारा संचालित पीईटी/पीएमटी/पीएटी इत्यादि परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति के विद्यार्थियों के परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति हेतु योजना संचालित है।
- **नेतृत्व विकास योजना -**
  विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति के विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु नेतृत्व विकास शिविर आयोजित कर, प्रदेश के प्रत्येक जिले से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिका को शिविर में आमंत्रित किया जाकर उन्हें नेतृत्व विकास का प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान है।
- **विमुक्त जाति के समाज सेवक को उत्कृष्ट कार्य पुरस्कार योजना -**
  योजना अंतर्गत विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले विमुक्त घुमक्कड जाति के समाज सेवक को राशि रूपये 1.00 लाख का पुरस्कार दिये जाने का प्रावधान है।

## विमुक्त्ल घुमक्कघड़ एवं अर्द्धघुमक्कवड़ जनजातियां

| जाति का नाम | संक्षिप्त जानकारी |
|---|---|
| बलदिया | |
| बाछोवालिया | |
| भाट | |
| भन्तु | |
| देसर | |
| दुर्गी मुरागी | |
| घिसाड़ी | |
| गोन्धली | |
| इरानी | |
| जोगी, जोगी कनफटा | |
| जोशी बालसंतोषी, जोषी बहुलीकर, जोशी बजारिया, जोषी बुदुबुदुकी, जोषी चित्राबठी, जोशी हरदा, जोशी नादिया, जोशी हरबोला, जोशी नामदीवाला, जोशी पिंगला | |
| काशीकापड़ी (काषीकापड़ी हरदा, काषीकापड़ी हरबोला) | |
| कलन्दर नागफड़ा | |
| कामद | |
| करोला | |

| जाति का नाम | संक्षिप्त जानकारी |
|---|---|
| कसाई (गडरिए) | |
| लोहार पिट्टा (गाड़िया लोहार) | |
| नायकढ़ा (नायकढ़ा भील) | |
| शिकलिगर, (बरघिया, सैगुलगोर, सरानिया, शिकलिगर, सुदुगुदु, सिद्धन (बहरूपिया) | |
| बनीयन्थर, राजगोंड, गद्दीज़, रेभारी (पशुपालक), गोलर (गोलम, गोला, बालाघाट, गोलकर) | |
| गोसाँईं, भराडी हरदास, भराडी हरबोला, हेजरा, **धनगर** | |

## परिचय

भारत के हृदय प्रदेश में विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजातियों के विकास एवं कल्याण हेतु मध्यप्रदेश शासन की अधिसूचना दिनांक 22 जून 2011 द्वारा पृथक ''विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग'' का गठन किया गया। शासन आदेश दिनांक 12.09.2011 द्वारा संचालक, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति विकास विभाग को विभागाध्यक्ष घोषित किया गया।

मध्यप्रदेश की 51 जातियों को विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजातियों में सम्मिलित किया गया है। इन जनजातियों की प्रमुख समस्या शैक्षणिक पिछड़ापन, आर्थिक रूप से विपन्नता एवं घुमक्कड़ प्रवृत्ति होने के कारण स्थायी आवास न होना है।

इन जनजातियों की उपरोक्त समस्याओं को दूर करने के लिये इन्हें एक स्थान पर आवासीय सुविधा देने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रति हितग्राही रू 1.50 लाख तक का अनुदान दिया जाता है। विमुक्त जाति बस्तियों में सी.सी.रोड़, नाली, पेयजल इत्यादि अधोसंरचनाओं के निर्माण हेतु बस्ती विकास योजना संचालित है। इसी प्रकार इन बस्तियों में विद्युत व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण योजना एवं कृषि कार्य करने वाले विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति के कृषकों के कुॅओं तक विद्युत लाईन के विस्तार की योजना संचालित है।

इन जनजातियों के बच्चों का शैक्षणिक पिछड़ापन दूर करने की दृष्टि से कक्षा पहली से लेकर आगे तक की पढ़ाई के लिये विभिन्न स्तर की छात्रवृत्ति विभाग द्वारा समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदाय की जाती है। साथ ही आवासीय सुविधा हेतु विमुक्त जाति छात्रावास/आश्रम/सामुदायिक कल्याण केन्द्रों का संचालन भी किया जाता है, जिसमें निःशुल्क आवास, भोजन, शयन सामग्री, पेयजल, विद्युत सुविधा, खेलकूद सामग्री, पुस्तकालय सुविधा इत्यादि प्रदान की जाती है। आवश्यकतानुसार विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में नवीन छात्रावास/आश्रम संचालन की कार्यवाही भी विचाराधीन है।

जो विद्यार्थी दूर से विद्या अर्जन के लिये आते है, उनके आवास की व्यवस्था हेतु मुख्यमंत्री आवास भाड़ा योजना संचालित है। व्यापम तथा माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षाओं के शुल्क की प्रतिपूर्ति की योजना एवं विद्यार्थियों में नेतृत्व करने का गुण विकसित करने हेतु नेतृत्व विकास शिविर आयोजित करने की योजना संचालित है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति के विद्यार्थियों एवं लोगों के जाति प्रमाण-पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अधिकृत किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनाये जा रहे है।

विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति समाज के उत्थान के लिये शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इसी वर्ग के समाज सेवक को पुरस्कृत करने की योजना संचालित है। विभाग द्वारा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति की कठिनाईयों की जानकारी बेस लाईन सर्वे से प्राप्त कर नवीन योजनायें बनाने की कार्यवाही की जावेगी।

### जिले में संचालित छात्रावास/आश्रम/सामुदायिक कल्याण केन्द्र

| क्र0 | जिले का नाम | कुल छात्रावास | छात्रावास का नाम | स्वीकृत सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुरैना | 2 | बेड़िया कन्या आश्रम अम्बाह (विमुक्त जाति) | 25 |
| | | | बेड़िया कन्या आश्रम पोरसा (विमुक्त जाति) | 30 |
| 2 | भिण्ड | 2 | विमुक्त जाति बालक आश्रम गोहद | 30 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास भिण्ड | 50 |
| 3 | ग्वालियर | 5 | विमुक्त जाति बालक आश्रम हुकूमगढ़ | 80 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या आश्रम सेमरिया टांका | 80 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास भितरवार | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास भितरवार | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम डबरा | 40 |
| 4 | शिवपुरी | 1 | विमुक्त जाति बालक आश्रम बैराढ़ | 40 |
| 5 | गुना | 9 | विमुक्त जाति बालक आश्रम आरोन | 30 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास आरोन | 20 |
| | | | बेड़िया कन्या आश्रम मक्सूदनगढ़ (विमुक्त जाति) | 30 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, बमोरी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास गुना | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, बमोरी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास चाचैडा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम राघौगढ़ | 40 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास गुना | 50 |
| 6 | अशोकनगर | 5 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास अशोक नगर | 50 |

| क्र0 | जिले का नाम | कुल छात्रावास | छात्रावास का नाम | स्वीकृत सीट |
|---|---|---|---|---|
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम मुंगावली | 70 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास ईशागढ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास ईशागढ़ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास चंदेरी | 50 |
| 7 | देवास | 5 | विमुक्त जाति बालक आश्रम देवली | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम धानीघाटी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या छात्रावास देवास | 50 |
| | | | बालक सामुदायिक कल्याण केन्द्र टोककला | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास देवास | 50 |
| 8 | रतलाम | 3 | बालक सामुदायिक कल्याण केन्द्र सिन्दुरक्या | 55 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या आश्रम बढावदा | 20 |
| | | | बाछड़ा कन्या आश्रम चिकलाना (विमुक्त जाति) | 20 |
| 9 | शाजापुर | 5 | बालक सामुदायिक कल्याण केन्द्र कालीसिन्ध | 60 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम शाजापुर | 80 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या आश्रम सुन्दरसी | 20 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या आश्रम शाजापुर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास बडोदिया | 50 |
| 10 | मंदसौर | 13 | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास मंदसौर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास मल्हारगढ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास मेलखेड़ा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति सामुदायिक कल्याण केन्द्र हरमाला | 60 |
| | | | वि.जा. प्री. मै. कन्या छात्रावास संधारा | 50 |
| | | | वि.जा. प्री. मै. बालक छात्रावास सीतामउ | 40 |
| | | | वि.जा. प्री. मै. बालक छात्रावास बोलिया | 20 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास मंदसौर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास सीतामऊ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास गरोठ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास गरोठ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास भानपुरा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास मल्हारगढ | 50 |
| 11 | नीमच | 8 | विमुक्त जाति बालक आश्रम बोरदियाकला | 30 |
| | | | बाछड़ा बेडिया कन्या आश्रम आंतरीमाताजी | 30 |
| | | | सामुदायिक संस्कार केन्द्र शाला कुकडेश्वर | 60 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास नीमच | 40 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास नीमच | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास मनासा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास जावद | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास जावद | 50 |
| 12 | उज्जैन | 9 | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास नरवर | 20 |
| | | | विमु.जा. प्री-मैट्रिक बालक छात्रा. बड़नगर | 50 |
| | | | विमु.जा. प्री-मैट्रिक बालक छात्रा. कडौदिया | 20 |

| क्र0 | जिले का नाम | कुल छात्रावास | छात्रावास का नाम | स्वीकृत सीट |
|---|---|---|---|---|
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास तराना | 140 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम कनार्दी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास महीदपुर रोड़ | 20 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास उन्हेल | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास नागदा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास उज्जैन | 50 |
| **13** | इन्दौर | 4 | विमुक्त जाति बालक आश्रम बेटमा | 40 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम माचल | 30 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास सांवेर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास सांवेर | 50 |
| **14** | खरगौन | 3 | बंजारा विमुक्त जाति बालक छात्रावास खरगौन | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास बमनाला | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास झिरन्या | 20 |
| **15** | धार | 3 | विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास लाबरिया | 20 |
| | | | समुदायिक कल्याण केन्द्र बालक/कन्या धमाना | 60 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम पंचऊबड़ी | 40 |
| **16** | बड़वानी | 8 | विमुक्त जाति बालक आश्रम टेमला | 30 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास बडवानी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास बडवानी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास ठीकरी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास सं◌ेधवा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास सं◌ेधवा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास पानसेमल | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास ठीकरी | 50 |
| **17** | खण्डवा | 6 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास खण्डवा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम पंधाना | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास भगवानपुरा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या छात्रावास पुनासा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास हरसूद | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास मलगा◌ॅव | 50 |
| **18** | बुरहानपुर | 5 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास डामियाखेड़ा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम डबालीखुर्द | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम गंभीरपुरा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास बोंदली बुरहानपुर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास सिरपुर | 50 |
| **19** | भोपाल | 3 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास इबांहमपुरा बैरसिया | 40 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास गांधीनगर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या छात्रावास इन्द्रबिहार नेहरुनगर | 50 |
| **20** | रायसेन | 3 | बापू विमुक्त जाति बालक आश्रम रायसेन | 60 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास औबेदुल्लागंज | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास औबेदुल्लागंज | 50 |

| क्र0 | जिले का नाम | कुल छात्रावास | छात्रावास का नाम | स्वीकृत सीट |
|---|---|---|---|---|
| 21 | राजगढ़ | 15 | विमुक्त जाति बालक आश्रम काचड़ी | 30 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम करेड़ी | 30 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम ब्यावरा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या आश्रम गुलखेड़ी | 30 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास खुजनेर | 20 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास जीरापुर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास चाटूखेड़ा | 20 |
| | | | वि.जा.बालक/कन्या सामु. कल्याण केन्द्र पंचोर | 30 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास कोड़क्या | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास राजगढ़ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास सांरगपुर | 50 |
| | | | कन्या विमुक्त जाति प्री मैट्रिक छात्रावास पचैर | 20 |
| | | | विमुक्त जाति प्रृ्री. मैै. कन्या छात्रावास व्यावरा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्रृ्री. मैै. बालक छात्रावास खिलचीपुर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्रृ्री. मैै. बालक छात्रावास नरसिंहगढ़ | 50 |
| 22 | विदिशा | 4 | विमुक्त जाति कन्या आश्रम लटेरी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम लटेरी | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. कन्या छात्रावास समशाबाद | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री.मै. बालक छात्रावास समशाबाद | 50 |
| 23 | सागर | 2 | विमुक्त जाति बालक प्री.मै. छात्रावास बिलहरा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक प्री.मै. छात्रावास बंडा | 50 |
| 24 | छतरपुर | 8 | विमुक्त जाति प्री. मै. नवीन कन्या छात्रावास बिजावर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री मै. बालक छात्रावास बिजावर | 50 |
| | | | सामुदायिक कल्याण केन्द्र दैवीखेडा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक प्ररी मै. बालक छात्रावास जैतपुर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम बिजावर | 30 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या छात्रावास बिजावर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति प्री. मै. बालक छात्रावास सटई | 30 |
| | | | विमुक्त जाति बालक आश्रम चन्दला | 50 |
| 25 | टीकमगढ़ | 2 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास टीकमगढ़ | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास पलेरा | 50 |
| 26 | अनुपपुर | 1 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास राजेन्द्रग्राम | 50 |
| 27 | छिन्दवाड़ा | 4 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास सौसर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या छात्रावास सौसर | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास अमरवाड़ा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति कन्या छात्रावास अमरवाड़ा | 50 |
| 28 | सीहोर | 2 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास आष्टा | 50 |
| | | | विमुक्त जाति बालक छात्रावास सलकनपुर | 50 |
| 29 | होशंगाबाद | 1 | विमुक्त जाति बालक छात्रावास इटारसी | 50 |

## जिला कार्यालय स्थित प्रभारी/अधिकारी की सूची

| क्र | जिला | अधिकारी का नाम | पदनाम | कार्यालय दूरभाष नंबर | मोबाइल नंबर | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | श्री अनिल कुमार सोनी | सहायक संचालक | 07552-570291 | 9893615992 | adbmwbho@mp.gov.in |
| 2 | सीहोर | श्री प्रवीण श्रीवास्तव | सहायक संचालक | 07562-221345 | 9329201672/ 7999149212 | adbmwseh@mp.gov.in |
| 3 | रायसेन | श्रीमती संगीता जायसवाल | सहायक संचालक | 07482-223093 | 9009034287/ 9893375670 | adbmwrai@mp.gov.in |
| 4 | राजगढ़ | श्री अर्जुन मालवीय (अतिरिक्त प्रभार) | सहायक संचालक | 0737-2254070 | 8989159450 | adbmwraj@mp.gov.in |
| 5 | विदिशा | श्री अब्दुल शरीफ कुरैषी (शिक्षा विभाग) | सहायक संचालक | 07592-236753 | 9425443106 | adbmwvid@mp.gov.in |
| 6 | होशंगाबाद | श्रीमति संगीता जयसवाल (अति.प्र.) | सहायक संचालक | 074822-23093 | 9009034287/ 9893375670 | adbmwhos@mp.gov.in |
| 7 | बेतूल | श्री विषाल श्रीवास्तव | सहायक संचालक | 07141-234543 | 9039349430 | adbmwbet@mp.gov.in |
| 8 | हरदा | श्री संगीत देषमुख | सहायक संचालक | 07577-225615 | 7999668921 | adbmwhar@mp.gov.in |
| 9 | इन्दोर | श्री सुमित रघुवंशी | सहायक संचालक | 0731-2369050 | 9074069392 | adbmwind@mp.gov.in |
| 10 | झाबुआ | श्री रविपाल मोरी | सहायक संचालक | 07392-244240 | 9755058325 | adbmwjha@mp.gov.in |
| 11 | धार | श्री योगेन्द्र राज | सहायक संचालक | 07292-235204 | 8989732389 | adbmwdha@mp.gov.in |
| 12 | खरगौन | कु. ईतीषा जैन | सहायक संचालक | 07282-231340 | 8982469778 | adbmwkhr@mp.gov.in |
| 13 | खण्डवा | श्री रामलाल पगारे | सहायक संचालक | 07332-221400 | 8889773379 | adbmwkha@mp.gov.in |
| 14 | बुरहानपुर | श्री लखन अग्रवाल | सहायक संचालक | 07325-243195 | 9926807699 | adbmwbur@mp.gov.in |
| 15 | बढ़वानी | श्री टी.एस.डुडवे | सहायक संचालक | 07290-291202 | 9755357560 | adbmwbar@mp.gov.in |
| 16 | अलीराजपुर | श्रीमती मीना मण्डलोई | सहायक संचालक | 07394-233905 | 9993445911 | actwdalirajpur@gmail.com |
| 17 | उज्जैन | डाॅ. अनुराधा सकवार | सहायक संचालक | 0734-2525519 | 9926737538 | adbmwujj@mp.gov.in |
| 18 | रतलाम | डाॅ. अनुराधा सकवार | सहायक संचालक | 07412-220303 | 9926737538 | adbmwrat@mp.gov.in |
| 19 | देवास | श्रीमती सपना खर्ते | सहायक संचालक | 07272-251004 | 9165257946 | adbmwdew@mp.gov.in |
| 20 | शाजापुर | श्री अर्जुन मालवीय | सहायक संचालक | 07364-226831 | 8989159450 | adbmshj@mp.gov.in |
| 21 | मन्दसौर | श्री एल एस दामोद | सहायक संचालक | 07422-235318 | 7089635851 | adbmwman@mp.gov.in |
| 22 | नीमच | डाॅ. अनुराधा सकवार | सहायक | 07423-257521 | 9926737538 | adbmwnee@mp.gov.in |

| क्र | जिला | अधिकारी का नाम | पदनाम | कार्यालय दूरभाष नंबर | मोबाइल नंबर | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (अति. प्रभार) | संचालक | | | |
| 23 | ग्वालियर | सुश्री दीपशिखा भगत | सहायक संचालक | 07534-231027 | 9340035500 | adbmwgwa@mp.gov.in |
| 24 | शिवपुरी | श्री अंकुर रवि गुप्ता | सहायक संचालक | 07492-232860 | | adbmwshi@mp.gov.in |
| 25 | गुना | श्री वी.के.माथुर | सहायक संचालक | 07542-252572 | 9425488748 | adbmwgun@mp.gov.in |
| 26 | अशोकनगर | श्री षिव प्रताप सिंह | सहायक संचालक | 075432-21408 | 9425641090 | adbmwash@mp.gov.in |
| 27 | दतिया | श्रीमती सफलता दुबे | सहायक संचालक | 07522-234003 | 8770696679 | adbmwdat@mp.gov.in |
| 28 | मुरैना | श्रीमति षिवानी अग्रवाल | सहायक संचालक | 07532-225116 | 9425115896 | adbmwmor@mp.gov.in |
| 29 | भिण्ड | श्रीमती कृति दीक्षित, | सहायक संचालक | 07534-231027 | 8989735433 | adbmwbhi@mp.gov.in |
| 30 | श्योपुर | सुश्री निकिता तामरे | सहायक संचालक | 07530-222849 | 7415101162 | obcsheopur@gmail.com |
| 31 | सीधी | श्रीमती सुमन द्विवेदी | सहायक संचालक | 07822-252257 | 7566553586 | adbmwsid@mp.gov.in |
| 32 | रीवा | श्री सी.एल सानी (शिक्षा विभाग) | सहायक संचालक | 07662-250204 | 9425181650 | adbmwrew@mp.gov.in |
| 33 | सतना | श्री कमलेष कुमार शुक्ला | सहायक संचालक | 07667-2222533 | 7000917415 | adbmwsat@mp.gov.in |
| 34 | सिंगरोली | श्री बी.पी.पाण्डेय | सहायक संचालक | 07805-234661 | 8959857004 | adbmwsin@mp.gov.in |
| 35 | उमरिया | श्री आन्नद राय सिन्हा | सहायक संचालक | 07653-223124 | 9425186522 | adbmwuma@mp.gov.in |
| 36 | शहडोल | श्री कौषलेन्द्र सिंह | सहायक संचालक | 07652-240041 | 9425330868 | adbmwsha@mp.gov.in |
| 37 | अनूपपुर | श्रीमति मंजुला सेन्द्रे | सहायक संचालक | 07659-222895 | 8770657348 | adbmwanu@mp.gov.in |
| 38 | सागर | श्री सी.एल वर्मा | सहायक संचालक | 07582-266018 | 8770115865 | adbmwsag@mp.gov.in |
| 39 | दमोह | रिया जैन | सहायक संचालक | 07812-224730 | 7581952940 | adbmwdam@mp.gov.in |
| 40 | पन्ना | श्री सावित खान | सहायक संचालक | | 9827268831 | twelfarepan@nic.in |
| 41 | छतरपुर | --------- | सहायक संचालक | 07682-240718 | | adbmwcht@mp.gov.in |
| 42 | टीकमगढ़ | सुश्री अपूर्वा जैन | सहायक संचालक | 07683-240338 | 9407200301 | adbctik@mp.gov.in |
| 43 | जबलपुर | श्री आषीष दीक्षित | सहायक संचालक | 0731-2621303 | 9425384868 | adbmwjab@mp.gov.in |

| क्र | जिला | अधिकारी का नाम | पदनाम | कार्यालय दूरभाष नंबर | मोबाइल नंबर | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | नरसिंहपुर | श्रीमति अंजना त्रिपाठी | सहायक संचालक | 07792-230307 | 8750559888 | adbmwnar@mp.gov.in |
| 45 | डिंडौरी | श्रीमति दिव्या राय | सहायक संचालक | 07644-234309 | 7999657160 | adbmwdin@mp.gov.in |
| 46 | छिन्दवाड़ा | श्रीमती प्रीती मर्सकोले | सहायक संचालक | 07162-243419 | 9425873324 | adbmwchh@mp.gov.in |
| 47 | मण्डला | श्री होमेन्द्र पटले | सहायक संचालक | 07642-250622 | 7770954953 | bcbpl@nic.in |
| 48 | बलाघाट | श्रीमती अंजना जैतवार | सहायक संचालक | 07632-248405 | 7582083377 | adbmwbal@mp.gov.in |
| 49 | कटनी | श्री राज बहादुर सिंह | सहायक संचालक | 07622-229636 | 9425344326 | adbmwkat@mp.gov.in |
| 50 | सिवनी | श्री तीरथ गारवे | सहायक संचालक | 07162-243419 | 9424905154 | adbmwseo@mp.gov.in |
| 51 | आगर-मालवा | कु. आषा चौहान | सहायक संचालक | 07362-260211 | 9179960314 | dotwdaga@mp.gov.in |
| 52 | निवाड़ी | | सहायक संचालक | | | |

लगभग उपर सभी प्रकार की जानकारी दे दी गई है उसके बाद भी यदि समस्या आती है तो अधिक जानकारी के लिए संपर्क करेः–

श्री ज्ञान सिंह जी बघेल

जिला दतिया, एमपी, भारत

मो.नं.– 9752811877

संकलनकर्ता

पटेल मधुसूदन धनगर

एमपी, भारत

मो.नं.– 9826536032

मध्यप्रदेश शासन
विमुक्त,घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांकः एफ. 12/02/2018/62 भोपाल,दिनांक,04/10/2018.

//आदेश//

मध्यप्रदेश राज्य विमुक्त,घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण के प्रस्ताव अनुसार घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति की सूची के क्रमांक 30 जिस पर धनगर उल्लैखित हैं,में उप जाति के रूप में गडरिया, कुरमार, हटकर, हाटकर, गाडरी, धारिया, गोसी, ग्वाला (गडरिया), गारी, गायरी, गडरिया(पाल बघेले) को शामिल किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से,
तथा आदेशानुसार

(रमेश एस. थेटे)
सचिव
मध्यप्रदेश शासन
विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़,
जनजाति कल्याण विभाग.
भोपाल, दिनांक04/10/2018

4.10.

पृष्ठांकन क्रमांक 12–02/2018/62
प्रतिलिपिः–

1- प्रमुख सचिव,राज्यपाल सचिवालय,भोपाल।
2- प्रमुख सचिव,मुख्यमंत्री,मध्यप्रदेश भोपाल।
3- प्रमुख सचिव (समन्वय) मुख्य सचिव कार्यालय,म0प्र0 भोपाल।
4- अपर मुख्य सचिव,मध्यप्रदेश शासन,सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल।
5- निज सचिव, माननीय मंत्रीजी, विमुक्त,घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग।
6- सचिव, म0प्र0 शासन, विमुक्त,घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग।
7- सचिव, म0प्र0 शासन, जनजाति विभाग।
8- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), ग्वालियर।
9- संचालक, विमुक्त,घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़, विमुक्तघुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़, जनजाति विकास (संचालनालय) मध्यप्रदेश भोपाल।
10-समस्त संभागयुक्त,मध्यप्रदेश।